(ख) क्या यह भी सच है कि इस मार्ग से उत्तर प्रदेश से दिल्ली में चोरी छिपे चीनी लायी जाती है; और

(ग) यदि हां, तो नवम्बर, 1967 से लेकर फरवरी, 1968 तक की अवधि के दौरान नरेला चुंगी पर तस्करी के कितने ऐसे मामले पकड़े गये तथा कितनी चुंगी वसूल की गई ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) जी हां, पहली मार्च, 1968 को 50 बोरे खण्डसारी चीनी लाते हुये एक ट्रक पकड़ा गया था और इन बोरों पर सीमा-कर 235रुपये बैठता है।

(ख) और (ग). उत्तर प्रदेश से दिल्ली को चीनी की तस्करी करने के लिए इस मार्ग का प्रयोग किया जा सकता है परन्तु नवम्बर, 1967 से फरवरी, 1968 तक की अवधि में तस्करी का कोई भी मामला पकड़ा नहीं गया था।

दिल्ली में राशन में अपमिश्रित वस्तुओं की सप्लाई

10185. **श्री निहाल सिंह** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राशन में घटिया किस्म और अपमिश्रित वस्तुओं की सप्लाई के बारे में राजधानी में दिसम्बर, 1967 से लेकर अब तक संसत्सदस्यों और आम जनता की ओर से कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(ख) गोदामों के मालिकों और राशन व्यापारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है तथा उनकी संख्या कितनी-कितनी है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) दिसम्बर, 1967 से दिल्ली प्रशासन को दो विशेष शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें से एक, घटिया किस्म के गेहूं सप्लाई के बारे में एक संसद सदस्य से है। तथा दूसरी, घटिया किस्म की चीनी के बारे में जनता के एक सदस्य से है। अपमिश्रित वस्तुओं की सप्लाई के संबंध में कोई भी शिकायय प्राप्त नहीं हुई थी।

(ख) जहां तक गेहूं का सम्बन्ध है, गेहूं के उस विशेष ढेर जिसके लिए शिकायत की गई थी, की बिक्री रोक दी गई थी और भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से उस मात्रा को बदल दिया गया था। जहां तक चीनी की बात है, चूंकि स्टाक बिक चुका था इससे उसे बदला नहीं जा सका। अन्य कोई कार्यवाही नहीं की गई थी।

बीज भण्डार

10186. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के विभिन्न भागों में केन्द्रीय सरकार के बीज भण्डारों की संख्या कितनी है,

(ख) 1967 में केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों को कितनी मात्रा में गेहूं के बीज बांटे गये; और

(ग) मध्य प्रदेश सरकार ने उक्त अवधि में केन्द्रीय सरकार से बीज के लिए कितने गेहूं की मांग की थी ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) बीजों का उत्पादन व वितरण करना राज्य सरकारों की अपनी जिम्मेदारी है, इसलिए अपनी उपज के भण्डारण के लिए केन्द्रीय बीज फार्मों/अनुसन्धान संस्थानों के पास जो गोदाम हैं उनके अतिरिक्त, इस समय केन्द्रीय सरकार के पास कोई गोदाम नहीं हैं।

(ख) 1967 की अवधि में विभिन्न राज्यों के लिए गेहूं के कुल 24,082 मीटरी टन बीजों की व्यवस्था की गई थी।

(ग) मध्य प्रदेश सरकार ने पहले गेहूँ का 20,000 मीटरी टन बीज मांगा था। बाद में राज्य सरकार ने गेहूं के बीज की अपनी कुल मांग का अनुमान 16,000 मीटरी टन लगाया और केन्द्रीय सरकार से 9,000 मीटरी टन बीज की व्यवस्था करने के लिए प्रार्थना की। बीजों की स्थानीय उपलब्धि आदि सहित सब संबंधित बातों को ध्यान में रखते हुए, 1967 के रबी के मौसम की बुआई हेतु राज्य के लिए गेहूं के 4,000 मीटरी टन बीज का नियतन किया गया था।

चीनी का निर्यात

10187. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या खाद्य तथा कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नवम्बर, 1967 से लेकर मार्च, 1968 की अवधि के दौरान देशवार कितनी चीनी का निर्यात किया गया ;

(ख) उससे सरकार को कितनी विदेशी मुद्रा की आय हुई है ; और

(ग) विदेशों को किस मूल्य पर चीनी का निर्यात किया गया ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्ना-साहिब शिन्दे) : (क) से (ग). नवम्बर, 1967 से मार्च, 1968 तक देशवार निर्यात की गई चीनी की मात्रा, अर्जित विदेशी मुद्रा तथा प्रति मीटरी टन औसत प्राप्ति इस प्रकार है:-

अवधि	देश	निर्यात की गई मात्रा (मीटरी टन)	औसत विदेशी मुद्रा प्राप्ति (रुपये प्रति मी० टन)	कुल विदेशी मुद्रा प्राप्ति (करोड़ रुपये में)
नवम्बर, 1967 से मार्च, 1968 तक	संयुक्त राज्य अमेरिका	23,190	1,000*	2.32 ?

* अनुमानित

Device Against Explosive Gas in Mines

10188. SHRI MANIBHAI J. PATEL : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether a new safety device against explosive gas in mines and againt ignition of inflammable gas due to electricity has been invented and if so, by whom ; and

(b) the main features thereof and whether it has been tried and accepted by Government ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI HATHI) : (a) There is no such invention in the market yet.

(b) Does not arise.

Telephone Connections in Orissa

10189. SHRI SRADHAKAR SUPAKAR :
SHRIMATI TARA SAPRE :

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) the number of persons who have applied for telephone connections in Orissa but are in the waiting list for more than one year ; and

(b) the number of new connections given during 1967 ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL) : (a) 1,210.

(b) 1,102.